महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर-334004 (राजस्थान) भारत
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष/Phone: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई-मेल/E-mail: academic@mgsubikaner.ac.in

क्रमांक : प..07(476) / मगंसिंविबी / शैक्ष. / 2017 / दिनांक :

अन्तिम स्मरण–पत्र / अति–आवश्यक

प्राचार्य,

....

....

....

विषय : सम्बद्धता शर्तो की पालना सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ : प्रबन्ध मण्डल की 27 वीं बैठक दिनांक 16–07–2016 के विनिर्णय संख्या 338 की (बिन्दु संख्या 325) की पालना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रबन्ध मण्डल के निर्णय की पालना में चेतावनी पत्र जारी करते हुए समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के पूर्व पत्रांक 23776–24146 दिनांक 27.08.2016 एवं स्मरण पत्र 32153–432 दिनांक 30.11.2016 के द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 तक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समस्त सम्बद्धता शर्तो की पालना सुनिश्चित कर इससे संबंधित समग्र आवश्यक दस्तावेज (सत्र 2016–17 की स्टाफ सूची मय योग्यताधारी प्राचार्य / व्याख्याता के अनुभव एवं योग्यता प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां, भूमि–भवन (मालिकाना हक मय भूमि रूपान्तरण संबंधी दस्तावेज), नवीनतम एण्डोमेंट फण्ड की जानकारी जिसका सत्र 2016–17 या उससे आगे तक का नवीनीकरण किया गया हो की सत्यापित छायाप्रति) प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु आज दिनांक तक महाविद्यालयों द्वारा सम्बद्धता शर्तो की पालना यथा पुस्तकालय, प्रयोगशालायें, खेल सुविधा व अन्य निर्देशित शर्ते सुनिश्चित नहीं की गई है। अतः **सभी संबंधित सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अन्तिम स्मरण–पत्र देते हुए पुनः निर्देशित किया जाता है कि 07 दिवस में समस्त सम्बद्धता शर्तो की पालना सुनिश्चित करते हुए शीघ्रताशीघ्र आवश्यक दस्तावेज सहित पालना रिपोर्ट विश्वविद्यालय में प्रेषित करावें जिससे विश्वविद्यालय से आपकी सम्बद्धता कायम रखी जा सके।** अगर आप द्वारा सम्बद्धता संबंधी शर्तो की पालना व अन्य कमियों की पूर्ति नहीं की गई तो आगामी सत्र से आपकी सम्बद्धता समाप्त करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। **पत्र को गम्भीरता से लेते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।**

Sd/-
कुलसचिव

क्रमांकः प..07(476) / मगंसिंविबी / शैक्ष. / 2017 / 39268 दिनांक : 21-2-17

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :–.

1. निजी सचिव–कुलपति, महाराजा गंगासिह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक–कुलसचिव / वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. प्रभारी अधिकारी–विश्वविद्यालय वेब्रसाइट को प्रेषित क्रर लेख है कि उक्त आदेश को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करावे।

उप कुलसचिव (शैक्ष.)